## ई-मित्र संचालक गिरफ्तार

**भरतपुर (निस)।** भुसावर थाना पुलिस ने फेसबुक पर ऑनलाईन चैटिग के जरिये ठगी करने के मामले में एक और आरोपी ई-मित्र संचालक को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में साईबर ठगों के विरूद्व चलाये जा रहे ऑपरेशन एन्टीवायरस के तहत थानाधिकारी सुनील कुमार मय जाप्ता द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखविर की सूचना पर नाकाबन्दी के दौरान विधापीठ कस्वा भुसावर से संदिग्ध प्रतीत होने पर वाईक सवार को पकडकर नाम-पता पूछा तो उसने अपने नाम अशोक कुमार पुत्र भारतलाल का होना बताया। उक्त व्यक्ति के मोबाईल फोन को चैक किया तो मोबाईल फोन में फेसबुक पर अज्ञात युवती की फोटो की डीपी लगाकर फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अनेक व्यक्तियों से चैटिगं कर ऑनलाइन चैटिग व कॉलिंग के जरिये भोले-भाले लोगों को फंसाकर ऑनलाईन ठगी करता हूँ। पुलिस द्वारा फैसबुक पर ऑनलाईन ठगी करने के मामले में आरोपी अशोक कुमार पुत्र भारतलाल मीना जाति मीना उम्र 24 साल निवासी नरकट का नगला झारौटी थाना भुसावर को गिरफतार कब्जे से मिले माबोईल फोन व 38 हजार रूपये को जब्त कर थाना भुसावर पर प्रकरण दर्ज किया गया था।

# भारत विकास परिषद की जिला कार्यशाला का आयोजन



करौली मे भारत विकास परिषद की कार्यशाला के दौरान मंचस्त अतिथि

**करौली( नि.स. )।** भारत विकास परिषद करौली की जिला कार्यशाला का आयोजन शनिवार को भंवर विलास मैरिज गार्डन करौली में किया गया।

परिषद के जिला समन्वयक राजेन्द्र

> ■ **प्रांतीय महासचिव हेमन्त गर्ग ने प्रभावी टीम वर्क व सूचनाओं के विभिन्न स्तरों पर संप्रेषण की उपयोगिता के विषय में जानकारी प्रदान की।**

दीवान ने बताया कि कार्यशाला में परिषद् के राष्ट्रीय,रीजनल व प्रांतीय पदाधिकारियों ने शाखा स्तर पर समाज सेवा की गतिविधियों की आयोजना,क्रियान्वन, व संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।जिला कार्यशाला में परिषद के रीजनल संयुक्त महासचिव डा.शिव मंगल ने परिषद् के निर्धारित प्रोटोकाल,पदाधिकारियों द्वारा प्रभावी रूप से शाखा संचालन, व समन्वय के बारे में जानकारी प्रदान की।परिषद के राष्ट्रीय प्रॉजेक्ट सदस्य हरिप्रसाद शर्मा ने संपर्क ,संस्कार व सेवा प्रकल्पों के प्रभावी क्रियान्वन की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

प्रांतीय महासचिव हेमन्त गर्ग ने प्रभावी टीम वर्क व सूचनाओं के विभिन्न स्तरों पर संप्रेषण की उपयोगिता के विषय में जानकारी प्रदान की।प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती सरोज मंगल ने परिषद के कार्यों में मातृशक्ति की सहभागिता,संस्कार व अभिरूची शिविर,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन पर जोर दिया। तत्पश्चात समूह चर्चा व जिज्ञासा समाधान सत्र अयोजित किया गया।कार्यशाला की शुरुआत भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व वन्दे मातरम् गान से की गई तथा समापन राष्ट्र गान से किया गया। परिषद के अध्यक्ष तुलसीदास गोयनका ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में करौली जिले की शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रान्त पदाधिकारी, कार्यकारणी सदस्य, प्रकल्प प्रभारियो ने भाग लिया। इस अवसर पर सचिव कमलाकांत शर्मा,कोषाध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल,योगेंद्र सिंहल, सीताराम शर्मा एडवोकेट,मोतीलाल शाक्यवाल, डॉ. पुष्पेंद्र शर्मा,संयोजक गोविन्द लोहे वाले, सहसंयोजक राधेश्याम टैंट, गोविन्द सर्राफ आदि मौजूद रहे।

## बैठक आयोजित

**भरतपुर (निस)।** सेवा भारती समिति भरतपुर द्वारा आयोजित किशोरी विकास प्रशिक्षण वर्ग' का आयोजन 23 जून 2024 को प्रात: 8.30 बजे से 4.30 बजे तक समिधा भवन जवाहर नगर' पर किया जाएगा समिति के जिलाध्यक्ष योगेश सर्राफ व जिला महामंत्री योगेंद्र खंडेलवाल ने बताया प्रशिक्षण शिविर में किशोरियों के स्वास्थ्य शिक्षा, मानसिक विकास, मनोचिकित्सा, साइबर सुरक्षा, पोक्सो, किशोरी कानून सहित आत्म सुरक्षा योग, प्राणायाम ,रचनात्मक कार्य एवं किशोरियों के स्वावलंबन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी प्रदान की जाएगी।

महिला मोर्चा की गायत्री अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में 2 महिला चिकित्सक, मनोचिकित्सक, महिला अधिवक्ता एवं साइबर क्राइम और आत्मरक्षा के प्रशिक्षक आएंगे।

महिला मोर्चा सहमंत्री वेदवती आर्य ने जानकारी दी कि तीनों जिलों (धौलपुर, डीग, भरतपुर) व तहसीलों से काफी संख्या में बहने प्रशिक्षण में भाग लेने आ रही हैं साथ ही यह भी जानकारी दी कि जयपुर से सेवा भारती प्रांत अध्यक्ष सुमन बंसल, प्रांत उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला, राष्ट्रीय सेवा भारती प्रशासन विभाग प्रमुख मूलचंद सोनी, प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद आएंगे।

# नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया



**भरतपुर (निस)।** स्थानीय जवाहर नगर स्थित होली मदर एजूकेशनल एण्ड चैरिटेबिल सोसायटी के तत्वाधान में आज होली मदर पब्लिक स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओ को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्था के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश कुमार, उप-निदेशक, महिला सशक्तिकरण विभाग भरतपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुन्तल ने किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी, विद्यालय के एडमिन ऑफिसर ए ए बैन्रो, प्रधानाध्यपिका ज्योति, आरटीई प्रभारी स्वदेश कटारा के साथ-साथ अभिभावक, विद्यार्थी, अध्यापक-अध्यापिका मौजूद रहीं। आरटीई प्रभारी स्वदेश कटारा ने बताया कि विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे 117 बच्चों को नि:पाठ्यपुस्तक वितरण अतिथियों के कर-कमलो के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि निश्चित रुप से संस्था के द्वारा किया जा रहा यह कार्य सरहानीय है। उन्होने अभिभावको को सरकार की इस योजना के तहत जब आपके बच्चों की इस तरह के अच्छे विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है तो उसको अच्छे से उपयोग करें। विद्यालय का सहयोग करें। इस अवसर पर नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करे विद्यार्थियों में से जिनका उत्तम प्रदर्शन रहा उनको गिफ्ट पैक देकर सम्मानित भी किया गया।

# वीर गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**करौली ( नि.स. )।** टोंका खरेटा स्थित नन्दे भुमिया देवनारायण मन्दिर पर गुर्जर प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया । आयोजन समारोह के मुख्य आयोजक भूरसिह गुर्जर भूरा फूले की झोंपड़ी रहे एवं मुख्य अतिथि गुर्जर आरक्षण समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला, विशिष्ट अतिथि हेमन्त सिंह बिडरवाँस (नव चयनित आईएएस) निवासी कटारा अजीज एवं करौली विधायक पुत्र विश्वेन्द्र सिंह रहे ।

> ■ **80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले गुर्जर समाज के छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया**

समारोह के आयोजन में बोर्ड परीक्षाओं में इस साल 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले गुर्जर समाज एवं अन्य समाजों के छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय खेलों में पुरस्कृत खिलाड़ी, पिछले दो सालो में गुर्जर समाज से विभिन्न सरकारी नौकरियों में नियुक्त कर्मचारी एवं अन्य को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया एवं अतिथियों को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दर्शकों के मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध गायक हरीराम गुर्जर अलावड़ा अलवर को भी आमंत्रित किया जिन्होंने अपनी मधुर आवाज में अपने ढोला गायन द्वारा धार्मिक कथा में अपनी प्रस्तुति दी। जिससे श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। इस अवसर पर 12 गाँव बिडरवाँस एवं आसपास के सभी गाँवों के हजारों की संख्या में दर्शकों सहित हेमराज ऊँचेकापुरा, रमेश सुबेदार ऊँचेकापुरा, वीरेन्द्र सुबेदार ऊँचेकापुरा, भानुप्रताप बैंसला, सियाराम वकील कैंमरी,जोरावर-बक्तावर अध्यापक, राजरौसी फूले की झोंपडी, रामवीर थड़कापुरा, रामसिंह टोंका,अमरसिंह तुलसीपुरा,शिवचरण तुलसीपुरा, पूरन बिंदापुरा, सुरेश सरपंच बिंदापुरा,गोरधन सुबेदार टोंका, रजन पटैल टोंका आदि अनेकों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## पंजीकरण 8 जुलाई से प्रारंभ

**करौली (नि.स.)।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्निवीरवायु भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 8 जुलाई से प्रारंभ हो रहे है। ऑनलाईन पंजीकरण करने वाले इच्छुक अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से सम्बन्धित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवार अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए 8 जुलाई प्रात: 11 बजे से 28 जूलाई रात 11:00 बजे तक पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते है। ऑनलाईन पंजीकरण हेतु 3 जुलाई से 3 जनवरी 2008 (दोनो दिनांक सहित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे एवं 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित,भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंको के साथ अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र होंगे।

# नगर परिषद ने पॉलिथीन विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही की


करौली मे नगरपरिषद के दस्ते ने पॉलिथिन विक्रेताओ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए चालान काटे।

**करौली( नि.स. )।** करौली नगर परिषद प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद भंडारणकर्ता और विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चालान काटे।

करौली नगर परिषद के आयुक्त करणी सिंह ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, नियंत्रण के दृष्टिगत इसके उपयोगकर्ता, भंडारणकर्ता, क्रेता, विक्रेता को हतोत्साहित,जागरूकता हेतु स्वयं के निर्देशन में परिषद के सहायक अभियंता राम अवतार मीणा,विकास मीना, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी आकाश शर्मा, फायर प्रभारी लोकेश कुमार, अनिल कुमार एवं परिषद के कार्यवाहक जमादार बबली, कन्हैया तथा होमगार्ड के जवानो आदि ने शहर के बाजारों में कार्यवाही करते हुए हिंडौन गेट से गुलाब बाग में सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त करते हुए 64 किलो ग्राम पॉलिथीन जप्त की गई तथा जप्त की गई पॉलिथीन वाले संस्थानों से कुल 11हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई।

## तीसरे दिन भी नही हुई मृतक महिला, बालिका की पहचान

**करौली( नि.स. )।** मासलपुर डांग क्षेत्र में 3 दिन पूर्व एक महिला और बालिका के अध जले मिले शव की तीसरे दिन शनिवार को भी पहचान नहीं हुई। ज्ञात रहे गत तीन दिन यानी गुरुवार को मासलपुर थाना क्षेत्र के डाग क्षेत्र में एक महिला और एक बालिका अधजली मृत अवस्था में मिली जिनके शव को पुलिस प्रशासन ने शिनाख्त के लिए मासलपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

जिसकी आज तीसरे दिन तक पहचान नहीं होने से मामला पेचीदा बना हुआ है हालांकि इस मामले में पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कई टीम घटना का खुलासा करने और मृतक बालिका और महिला की पहचान के लिए पूरे प्रयास कर रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि पूरे राजस्थान के सभी जिलों में जिसकी सूचना छोड़ी गई है और इसके अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के जिलों में भी सूचना छोड़ी गई है लेकिन अभी तक पहचान नहीं होने से मामला पेचीदा बना हुआ है।

# मरीज के अटेंडर ने अस्पताल में मचाया उपद्रव, तोड़फोड़ की

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी शहर के सामान्य अस्पताल में भर्ती मरीज के अटेंडर द्वारा उपद्रव करने, लेवर रूम का कांच तोड़ने, कूलर और अन्य सामान की तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी है, जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।बताया जा रहा है कि भर्ती महिला मरीज के कुछ दिन पूर्व सिजेरियन ऑपरेशन हुआ था। जिसमें बच्चा होने के बाद अब कुछ समस्या सामने आने पर वे सामान्य अस्पताल में दिखाने आए थे। जहां चिकित्सक द्वारा मरीज को देखे जाने के बाद भर्ती करने और उपचार की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान मरीज के साथ आया अटेंडर युवा भड़क गया और उसने लेवर रूम के कांच को तोड़ने के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। इससे अस्पताल में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। मरीज इधर से उधर भागते दिखाई दिए।

सामान्य अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया कि शनिवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच उपखंड के बटेश्वर कला से एक महिला मरीज को कुछ लोग दिखाने लाये थे। जिसके कुछ दिन पूर्व जिला अस्पताल धौलपुर में सिजेरियन ऑपरेशन हुआ था। महिला को परेशानी होने पर उसे स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा देखा गया और भर्ती के लिए लेबर रूम के बाहर कूलर के सामने लिटा दिया था। उपचार की तैयारी की जा रही थी इसी दौरान मरीज के साथ आये एक से दो युवक भड़क गए और उन्होंने लेवर रूम के कांच को तोड़ दिया। साथ में कूलर सहित कुछ अन्य सामान की तोड़फोड़ की है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

## प्रकट दिवस मनाया

**भरतपुर ( निस )।** सद्गुरू कबीर पंथ महासभा समिति भरतपुर द्वारा कबीर साहब का 626वॉ प्रकट दिवस बाबा मैरिज होम तोप सर्किल के पास, भरतपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कबीर की विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि संजना जाटव सांसद लोकसभा क्षेत्र भरतपुर एवं विशिष्ट अतिथि अभिजीत कुमार मेयर नगर निगम भरतपुर थे। प्रेमसिंह आर्य ने अपने विचार व्यक्त किये, जिसकी अध्यक्षता हीरादास थानेदार द्वारा की गई। संचालन महामंत्री भगवान दास प्रिंसीपल ने किया। सांय 5 बजे शोभायात्रा को मेयर अभिजीत कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर मिनी सचिवालय से रवाना किया।

# कार से बाइक टकराने पर हंगामा, वायरल हो रहे फुटेज

**धौलपुर।** धौलपुर शहर के कलेक्ट्रेट गेट पर कार से बाइक टकराने पर जमकर हंगामा हुआ। जिसके फोटो और वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कलेक्ट्री के गेट के पास दोपहर करीब 2 बजे करीब सड़क पर एक कार खड़ी थी। जिसमें एक परिवार बैठा था। पीछे से अचानक एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने कार में आकर जोरदार टक्कर मार दी।

बाइक चालक अपनी गलती मानने की जगह कार चालक को अपशब्द बोलने लगा। जब इस बात पर कार में बैठी महिलाओं ने विरोध किया तो बाइक सवार ने उनसे अभद्रता करना शुरू कर दिया। महिलाओं से अभद्रता होने पर कार के चालक ने बाइक सवार को पकड़ लिया। दोनो में कहासुनी होने के बाद मारपीट शुरू हो गई।

महिलाएं भी बीच-बचाव को कार से नीचे उतर आई। तो बाइक चालक ने महिलाओं से भी मारपीट करना शुरू कर दिया। महिलाओं ने भी दंबगई दिखाने वाले युवक की चप्पलों से पिटाई कर ड़ाली। जिसके बाद खुद को घिरता देख बाइक चालक बाइक लेकर भाग खड़ा हुआ। इस लाइव मारपीट के कुछ फोटो और वीडियों इंटरनेट पर वायरल हुए हैं, जो सुर्खियों में हैं।

**मंदबुद्धि की पिटाई की :** जिले के सैंपऊ में एक व्यक्ति को लोगों ने चोर होने के शक में पकड़ लोहे के पाइप से बांधकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने पाइप से बंधे मिले व्यक्ति को मुक्त कराया है। दरअसल जिस व्यक्ति को लोग चोर समझ रहे थे, वह व्यक्ति मंदबुद्धि बताया गया है। सैंपऊ में ऐतिहासिक कदमखंडी आश्रम की यह पूरी घटना है। मंदिर महंत उदयवीर सिंह ने बताया कि रात्रि को मंदिर परिसर में घूमते मिलने पर व्यक्ति को आश्रम में सो रहे एक साधु ने टोका, फिर सुबह के पहर व्यक्ति के मंदिर पर पहुंच जाने से लोगों ने चोर होने का शक जताया। आरोप है कि उसने बाबू महाराज मंदिर में चढ़ावे की कुछ नगदी को भी चुराकर अपनी जेब में रख लिया। तभी मंदिर महंत के द्वारा पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपनी पहचान सही से नहीं बता पाई। तभी लोगों ने उसको पकड़ कर मंदिर के बाहर लगे लोहे के पाइप से बांध दिया।

# सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि पर आयोजित की विचार गोष्ठी

**सवाईमाधोपुर,।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा सवाई माधोपुर द्वारा शनिवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भण्डारी की विचार गोष्ठी कार्यक्रम मे पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ

> ■ **विचार गोष्ठी मे जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने भण्डारी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया**



स्व. सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा सवाई माधोपुर द्वारा शनिवार को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

भरतलाल मथुरिया, सुरेशचंद जैन, बजरंग लाल जाट मंचासीन रहे, विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने भण्डारी की जीवनी पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि सुन्दर सिंह भण्डारी एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जनसंघ के संस्थापक सदस्यो मे से एक थे, भंडारी का जन्म उदयपुर में प्रसिद्ध चिकित्सक डा. सुजानसिंह के घर में हुआ था, वे कार्यकर्ताओं से जीवन शैली में मर्यादा बनाए रखने को कहते थे, वे एक शिल्पकार और कुशल कारीगर थे जिन्होंने व्यक्ति, समाज और संगठन के कार्यकर्ताओं को गढ़ा था, उन्हें कभी भी कलश बनने की इच्छा नहीं हुई इसलिए वे स्वभाव से स्पष्टवादी थे। विचार गोष्ठी कार्यक्रम को मचासीन अतिथियों ने भी सम्बोधित किया । इस दौरान जिला महामंत्री हरिओम गर्ग, चंपालाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह राजावत, मेघराज मीणा, अंजू जाटव, जिला मंत्री पुष्कर जाट, हरफूल मरमट, मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन, श्रीचरण महावर, मनीष शर्मा, शंकर सिंह नरूका, बाबूलाल सैनी, नवीन शर्मा, नेमीचंद मीणा, कैलाश अग्रवाल, सुधाकर त्रिपाठी, लखन मीणा, मनराज गुर्जर, गंगाशंकर गौतम, कैलाश मीणा, सीताराम गुर्जर, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष जीपी वर्मा, आशा शर्मा, बनवारी जाट, पूर्व सभापति कमलेश जैलिया, पूर्व महामंत्री देवेन्द्र सिंह राठौड़, पार्षद कपिल जैन, रितेश भारद्वाज, देवेंद्रमोहन गौतम, संतोष मथुरिया, सीमा गौतम, कृष्णा गुप्ता, प्रीतम चौधरी, कमलेश शर्मा, नरेश साहू, प्रणव गौतम, मुकेश शर्मा, मोहनलाल कौशिक, गजानंद शर्मा, सत्येन्द्र गुप्ता, गायत्री जांगिड़, संजय शिकरवार, शुभम भारद्वाज खेमराज महावार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेवा भाव का दिया परिचय

**धौलपुर।** भीषण गर्मी में आमजन को राहत देने के लिए राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सर्किट हाउस गेट पर संचालित सार्वजनिक प्याऊ जल मंदिर पर आमजन राहगीरों हेतु बादाम से बनी शीतल ठंडाई का वितरण किया गया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा तथा शिक्षाविद आचार्य विनोद उपाध्याय ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर अपने हाथों से राहगीरों को शीतल ठंडाई पिलाकर इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर शिक्षाविद आचार्य विनोद उपाध्याय ने कहा कि गर्मी के मौसम में शीतल जल की प्याऊ राहगीरों के लिए वरदान साबित होती हैं। प्याऊ परआमजन को शुद्ध जल मुहैया होता है। लेकिन यह व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है।शिक्षकों की ओर से शीतल जल की प्याऊ का संचालन कर बेहद पुनीत कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने शिक्षक संघ की ओर से आमजन के लिए बादाम की ठंडाई वितरण की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में शीतल पेय अमृत के समान होने के साथ शरीर को ठंडक प्रदान करता है। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले दस सालों से संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहयोग से शीतल और शुद्ध जल की सार्वजनिक प्याऊ का संचालन किया जा रहा है ।संघ की ओर से समय समय व बिशेष मौको पर ठंडा पेय शरबत व ठंडाई का बितरण भी किया जाता है।

# डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को लिखा पत्र

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर भरतपुर नगर निगम क्षेत्र में मास्टर ड्रेनेज परियोजना के प्रथम चरण में सीएफसीडी के चल रहे कार्य को निविदा अनुसार ही सम्पादित कराने का आग्रह किया है।

डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में कहा कि 2021-22 में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत् नगर निगम क्षेत्र में सीएफसीडी, आरएनएफसीडी तथा स्ट्रोम वाटर ड्रेन्स के निर्माण की परियोजना रिपोर्ट बनवाई गई थी। डीपीआर को बनवाने के लिये राज्य स्तरीय कमेटी गठित की गई थी। कमेटी द्वारा सभी मानकों का परीक्षण करने के पश्चात् इस परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई थी। राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को दो चरणों में पूरा करने के आदेश दिये थे। जिसमें 60 प्रतिशत कार्य प्रथम चरण में तथा शेष 40 प्रतिशत दूसरे चरण में सम्पादित करना प्रस्तावित किया गया था। चूंकि निविदा प्रक्रिया दोनों चरणों की एक ही साथ पूरी हुई थी। राज्य सरकार एवं नगर निगम के अनुमोदन के पश्चात् यह यह कार्य शुरू किया गया था ।

> ■ **सीएफसीडी के प्रथम फेज में कोई परिवर्तन नहीं करने का किया आग्रह**

डॉ. गर्ग ने पत्र में बताया कि प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है और नगर निगम द्वारा अब तक कम्पनी को 90 करोड रुपये का भुगतान किया जा चुका है और जमीनी स्तर पर 125 करोड रुपये के आसपास का कार्य पूरा हो चुका है। अनाह गेट से जघीना गेट की बॉक्स ड्रेन्स करीब 70 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। यदि इस परियोजना के वर्तमान स्वरूप में किसी भी तरह से फेर बदल किया जायेगा। तो आम जन में नकारात्मक संदेश जायेगा। स्थानीय प्रशासन प्रगतिरत प्रथम चरण में सीएफसीडी में जो बॉक्स ड्रेन्स बन गई हैं, वहीं पर छोडकर शेष को खुला रखने पर आमदा है। अगर ऐसा होता है तो यह दुर्भाग्य पूर्ण होगा।

उन्होंने पत्र में कहा कि काली की बगीची से जो सीएफसीडी जघीना गेट तक जाती है उसे बॉक्स ड्रेन्स द्वारा बनाने का प्रावधान है। 40 फीट की ड्रेन्स को मिलाकर 80 फीट रोड बनकर तैयार होगा। जो भरतपुर में वैकल्पिक मार्केट के रूप में बन सकेगा। जिससे भरतपुर में आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और रोजगार के भी अवसर बढ सकेगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ड्रेन्स खुली रहेगी तो ना तो कोई रोड बन सकेगा और ना ही मार्केट लेकिन ड्रेन्स की बगल वाली भूमि पर भूमाफियों द्वारा कब्जा करने की पूरी-पूरी संभावना बन जायेगी उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में बताया कि अगर ड्रेन्स को खुला रखा जायेगा। तो खुली ड्रेन्स में लोग कचरा डालेगें जिससे पानी का प्रवाह रूक जायेगा। पानी का बहाव रूकने से मच्छरों की समस्या जस की तस रहेगी साथ ही सुजानगंगा नहर की तरह यह भी सुसाइट पॉइण्ट बन जायेगा। उन्होंने कहा कि अधूरे प्रथम चरण में किसी भी प्रकार की छेडछाड होने से नगर निगम के कॉन्ट्रेक्ट की भी जिम्मेदारियों में भी परिवर्तन आयेगां।

## समिति की बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर पर भगवान जगन्नाथ रथयात्रा समिति की बैठक संरक्षक संजीव गुप्ता एवं मोहन मिततल की अध्यक्षता एवं इस्कॉन वृन्दावन के प्रतिनिधि रसराज दास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। महामंत्री महेश सिंघल ने बताया कि 10 जुलाई 2024 को भरतपुर शहर में निकलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के संबंध में विस्तृत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर इस्कॉन की टीम द्वारा द पार्क होटल में भगवान श्री जगन्नाथ जी का भव्य श्रृंगार किया